**CBSE Class – 4 Hindi**

**NCERT Solutions**

**रिमझिम पाठ- 6. नाव बनाओ नाव बनाओ**

<u>कविता से</u>

**क्या कहते? मेरे क्या बस का?**

**(क) भैया ने क्या बहाना किया? क्यों?**

**उत्तर-** भैया ने बहाना बनाया कि नाव बनाना मेरे बस का काम नहीं है| इसका कारण यह था कि भैया को बाज़ार से कागज़ लाकर नाव बनानने में आलास आ रहा था|

**बूँदों-लहरों लड़ती-बढ़ती|**

**(ख) कौन बूँदों और लहरों से लड़ते हुए आगे बढ़ रही है?**

**उत्तर-** कागज़ की नाव बूँदों और लहरों से लड़ते हुए आगे बढ़ रही है|

**गुल्लक भारी, अपनी खोलो|**

**(ग) किसकी गुल्लक भारी है? किसकी गुल्लक हल्की है?**

**उत्तर-** भैया की गुल्लक भारी है| तथा बच्चे की गुल्लक हल्की है|

<u>नाव की कहानी</u>

**एक बार फिर से कविता पढ़ो| इस कविता में एक नाव के बनने और पानी में सफाई करने की कहानी छिपी है| मान लो तुम ही वह नाव हो| अब अपनी कहानी सबको सुनाओ|**

**शुरूआत हम कर देते हैं|**

**मैं एक नाव** हूँ| **मैं कागज़ से बनी** हूँ| **मुझे एक लड़के ने बनाया**

**उसका नाम तो मुझे नहीं पता पर .............**

उत्तर- ........... वह मेरे बनने पर बहुत ही खुश हो गया| रिमझिम-रिमझिम बारिश हो रही थी| चारों ओर पानी भर चुका था| उसने मुझे पानी में छोड़ दिया| मैं पानी की लहरों के सहारे आगे बढ़ रही थी| तभी बहुत तेज बारिश होने लगी| मैं पूरी तरह भीग गई और बिजली के एक खंभे के पास जा कर रुक गई|

<u>आह! बारिश!</u>

**तुमने बरसात पर पहले भी कभी कोई कविता या लोकगीत सुना होगा| उसे नीचे दी गई जगह पर लिखो|**

**उतर- वर्षा आई**

वर्षा आई..... वर्षा आई......|

रिमझिम-रिमझिम वर्षा आई|

घने-काले बादल आए,
उमड़-घुमड़ कर नभ पर छाए|
मोर नाचने लगे मस्त हो
मेंढक ने भी गीत सुनाए|
नभ बिजली लगी चमकने,
सोंधी धरती लगी महकने|
रंग-बिरंगी नाव चल पड़ी
चंचल-सी लहरों पर बहने|
धारती पर भी हरियाली छाई
रिमझिम-रिमझिम वर्षा आई|

---

**प्रश्न- इस कविता को पढ़ते समय तुम्हारे मन में कोई चित्र आए होंगे| उनके बारे में बताओ उनका चित्र बनाओ|**
**उत्तर-** इस कविता को पढ़ते समय हमारे मन में कागज़ की नाव, बरसात के दिन तथा बचपन में खेलकूद के चित्र आते हैं|

---

**<u>सचमुच</u>**
**प्रश्न- पानी सचमुच खूब पड़ेगा|**
**सचमुच का इस्तेमाल करते हुए तुम भी दो वाक्य बनाओ|**
**उत्तर-** (क) **सचमुच** बादल घिर आए हैं|
(घ) **सचमुच** पानी जमकर बरसा|

---

**<u>सात समुंद्र</u>**
**घिर-घिर कर बादल छाया है,**
**सात समुन्दर भर लाया है|**
**(क) पता करो, सात समुंद्र कौन-कौन से होंगे जिनसे बादल पानी भरकर लाया है|**
**उत्तर-** 1. हिन्द महासागर,
2. प्रशांत महासागर,
3. अटलांटिक महासागर,
4. उत्तरी ध्रुव महासागर,
5. दक्षिणी ध्रुव महासागर,
6. अरब सागर,
7. बंगाल की खाड़ी

**(ख) क्या सचमुच बारिश के बादल समुंद्र से पानी लाते है? वे इतना सारा पानी कैसे लाते होंगे? आपस में बातचीत करके पता**

**करो|**

**(तुम इस काम में बड़ों की या किताबों की मदद भी ले सकती हो|)**

**उत्तर-** हाँ, बारिश के बादल सचमुच समुंद्र से पानी लाते हैं| सूरज की गर्मी से समुद्र का पानी भाप बनकर आकाश में चला जाता है| वहाँ इकट्ठी हुई भाप धीरे-धीरे ठंडी  होकर पानी की बूँदो की शक्ल ले लेती है| वही बूँदे बादल का रूप लेकर पानी बरसाने लगती है|

---

<u>तरह-तरह की नावें</u>

**तुम कागज से कितनी तरह की नाव बना सकते हो? बनाकर कक्षा दिखाओ| उनमें से किसी एक के बारे में लिखकर बताओ कि तुमने वह कैसे बनाई?**

**उत्तर-**  कागज की नाव बना कर विद्यार्थी अपनी कक्षा में दिखाएँ|

---

<u>आई बरसात</u>

**(क) बरसात के दिनों में अक्सर घरों के दरवाजे और खिड़कियों से पानी की बौछार आ जाती है| कभी-कभी छत से पानी टपकने लगता है, सीलन भी आ जाती है| ऐसी स्थितियों से निपटने के लिए तुम्हारे घर में क्या-क्या किया जाता है?**

**उत्तर-**  जब हमारे घर के दरवाजे और खिडकियों से पानी की बौछार आती है, तब हम सारे दरवाजे खिड़कियाँ बंद कर लेते हैं| जब छत से पानी टपकता है  प्लास्टिक बिछा दिया जाता है बाद में टपकने वाली या सीलन वाली जगह की मरम्मत कराई जाती है|

**(ख) बारिश के मौसम में गलियों और सड़कों पर भी पानी भर जाता है| तुम्हारे मोहल्ले और घर के आस-पास बारिश आने पर क्या-क्या होता है? बताओ|**

**उत्तर-** हमारे मोहल्ले और घर के आस-पास बाहर जाने पर सारी गलियाँ पानी से भर जाती है| थोड़ी देर में पानी सीवर में बह जाता है|

---

<u>काम वाले शब्द</u>

**(क) पिछले साल रिमझिम में तुमने पढ़ा था कि बनाना काम वाला शब्द होता है| काम वाले शब्दों को  क्रिया कहते हैं| इस कविता में ढ़ेर सारी क्रियाँए या काम वाले शब्द आए है| उन्हें छाँटो और नीचे  लिखो|**

**उत्तर-** आना, घिरना, छाना, लाना, पड़ना, भरना, धरना, लहराना, खोलना, टटोलना, चलाना, अड़ना, लड़ना, बढ़ना, गढ़ना, हर्षाना

**(ख) तुमने जो क्रियाएँ छाँटी हैं, वर्णमाला के हिसाब से उनके आगे 1,2,3 आदि लिखकर उन्हें क्रम में लगाओ|**

**उत्तर-** 1. अड़ना,

2. आना,

3. खोलना,

4. गढ़ना,

5. घिरना,

6. चलाना,

---

7. छाना,
8. टटोलना,
9. धरना,
10. पड़ना,
11. बढ़ना,
12. भरना,
13. लड़ना,
14. लहराना,
15. लाना,